# भर्ती हेतु सूचना
# कनिष्ठ परामर्शदाता– गुणवत्ता सुधार

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर कनिष्ठ परामर्शदाता, गुणवत्ता सुधार के पद पर भर्ती करने का इच्छुक है।

**भूमिका एवं दायित्वः**

1. राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के कार्यान्वयन में राज्यों को सहयोग करने के लिए फील्ड दौरे करना।
2. राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुरूप राष्ट्रीय एवं राज्य प्रमाणन हेतु लक्ष्य निर्धारित करने के लिए राज्यों के साथ पैरवी करना।
3. कमियों को दूर करने संबंधी कार्य में स्वास्थ्य केंद्रों की सहायता करना और उन्हें राष्ट्रीय/राज्य प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए तैयार करना।
4. गुणवत्ता प्रबंध प्रणाली में तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए नियमित आधार पर राज्य/एसक्यूएयू/ डीक्यूएयू/अस्पताल गुणवत्ता टीम के साथ प्रभावी समन्वय।
5. स्वास्थ्य केंद्रों के आंतरिक एवं बाहय मूल्यांकन के आयोजन की व्यवस्था करना।
6. एनक्यूएएस और कायाकल्प के प्रशिक्षणों एवं कार्यशालाओं के लिए विशेषज्ञ के रूप में कार्य करना।
7. डेटा एवं सूचना का विश्लेषण करना और गुणवत्ता आश्वासन प्रणालियों को आरंभ करने/सुदृढ़ करने के लिए विशिष्ट रणनीतिक उपाय और संचालन इनपुट की पहचान करना।
8. गुणवत्ता कार्यक्रमों और उससे संबंधित एनएचएसआरसी के गुणवत्ता आश्वासन प्रभाग की गतिविधियों के प्रगति की निगरानी के लिए गहन फील्ड दौरे करना।
9. प्रशिक्षण सामग्री तैयार करने की व्यवस्था करना।
10. प्रशासनिक दायित्व संभालना।
11. सलाहकार– गुणवत्ता सुधार द्वारा सौंपा गया कोई अन्य दायित्व।

**योग्यता एवं अनुभवः**

1. अस्पताल प्रशासन/अस्पताल प्रबंध में पूर्णकालिक स्नातकोत्तर उपाधि सहित किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से चिकित्सा/दंत चिकित्सा/आयुष में स्नातक उपाधि।
2. राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों और कायाकल्प पहल की व्यवस्था एवं कार्यान्वयन का योग्यता उपरांत न्यूनतम 1 वर्ष से अधिक का अनुभव।
3. राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनएक्यूएस) प्रशिक्षित कार्मिकों को वरीयता दी जाएगी।

**आयु सीमाः** चयन के समय अधिकतम 35 वर्ष।

**कार्य स्थलः** यद्यपि वर्तमान कार्यस्थल एनएचएसआरसी, नई दिल्ली होगा, किंतु आवश्यकतानुसार समय–समय पर दुर्गम क्षेत्रों की यात्रा करनी होगी।

**पारिश्रमिकः** प्रतिमाह 39,000/– रु. तक

**आवेदन करने के लिएः**

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **19-Dec-2017 अपराह्न 4 बजे तक** nhsrc.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।